**प्रेस नोट दिनांक 24.02.2025**
**थाना बारादरी जनपद बरेली।**

**थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा कूटरचित कागजात तैयार कर बैनामा कराकर प्लाट पर कब्जा करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 03.01.2025 को श्रीमती नुसरत जहां पत्नी आसिफ हुसैन निवासी मो0 नवादा शेखान थाना बारादरी बरेली की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 007/2025 धारा 191(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/329(3)/351(2)/351(3)/61(2) बीएनएस का अभियोग सावन कुमार आदि 07 नफर के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना थाना बारादरी पुलिस द्वारा की गयी। मुकदमा उपरोक्त में 03 अभियुक्त 01. सावन कुमार जायसवाल 02. अमित कुमार राठौर 03. दीपक कुमार को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है । मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त सचिन गोस्वामी पुत्र रामवीर नाथ गोस्वामी निवासी अंगूरी चौबारी थाना सुभाषनगर जनपद बरेली को दिनांक 24.02.2025 को विद्यावान कोठी के पास थाना बारादरी बरेली गिरफ्तार किया गया। जिससे अमित सिंह राठौर के 03 आधार कार्ड, जिस पर आधार नम्बर व पता अलग अलग, सावन कुमार जायसवाल के 02 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर व पता अलग अलग, रेनू पत्नी महेन्द्र नाथ के 03 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर एक व पता अलग अलग व 01 पहचान पत्र व 01 पैन कार्ड, दीपक पुत्र रामपाल नाथ के 02 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर एक व पता अलग अलग व 01 एटीएम बन्धन बैंक, सचिन गौस्वामी के 02 आधार कार्ड के नम्बर व पता अलग अलग, 09 बैनामा की छायाप्रतियां कुल 95 पेज 02 वसीयतनामे छायाप्रतियां बरामद किये गये है। अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**नाम पता अभियुक्त-**
अभियुक्त सचिन गोस्वामी पुत्र रामवीर नाथ गौस्वामी निवासी अंगूरी चौबारी थाना सुभाषनगर जनपद बरेली उम्र 28 वर्ष

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सचिन गोस्वामी उपरोक्त**

1. मु0अ0सं0 007/2025 धारा 329(3)/338/336(3)/340(2)/61(2)/351(2)/351(3) BNS थाना बारादरी बरेली
2. मु0अ0सं0 201/2019 धारा 452/323/504/324/506 भादवि थाना सुभाषनगर बरेली
3. मु0अ0सं0 0034/2024 धारा 308/323/328/354/506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना जहानाबाद पीलीभीत
4. मु0अ0सं0 888/2025 धारा 138(1)(b) विद्युत अधि0 थाना एन्टीपावर प्रेट्ट बरेली

**विवरण पूछताछ :-**
अभियुक्त ने पूछताछ मे बताया कि मैं अमित सिंह राठौर व सावन कुमार जायसवाल के पास उनके प्लाटो की देखरेख करता था तथा उस पर टीन शेड व बाउन्ड्री बनाने में सहयोग करता था। दिनांक 05.01.2025 को सैटेलाइट के पास नर्सरी वाले प्लाट पर छापा पडा था, उस समय मैं व अमित सिंह राठौर व सावन जायसवाल व अन्य लोग सामान लेकर भाग गये थे । अमित सिंह राठौर व सावन कुमार जायसवाल ने मुझे आधार कार्ड व अन्य कागजात सही सलामत रखने के लिए दे दिये थे, मैं यह समस्त कागजात अपने घर सुरक्षित रख गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद चला गया था जहां कुम्भ में चांट पकोडी की दुकान पर काम किया, वही पर पास में ही अंकित त्रिपाठी व सुनील कुमार काम रहे थे। अंकित त्रिपाठी व सुनील ने ही मुझे घर भेजा और कहा कि जो कागजात अमित सिंह राठौर व सावन कुमार ने दिये थे उनको जल्दी ले आओ उन कागजात व आधार कार्डों की जरूरत है, तो में 3-4 दिन पहले इलाहाबाद से अपने घर आया और उसके बाद अंकित त्रिपाठी भी अपने घर आ गया। मैं दिनांक 23/24.02.2325 रात्रि की ट्रैन से समस्त कागजात लेकर वापस इलाहाबाद जा रहा था कि आपने पकड़ लिया ।

**विवरण बरामदगी:-**

1. अमित सिंह राठौर के 03 आधार कार्ड, जिस पर आधार नम्बर व पता अलग अलग
2. सावन कुमार जायसवाल के 02 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर व पता अलग अलग
3. रेनू पत्नी महेन्द्र नाथ के03 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर एक व पता अलग अलग व 01 पहचान पत्र व 01 पैन कार्ड
4. दीपक पुत्र रामपाल नाथ के 02 आधार कार्ड जिस पर आधार नम्बर एक व पता अलग अलग व 01 एटीएम बन्धन बैंक
5. सचिन गोस्वामी के 02 आधार कार्ड के नम्बर व पता अलग अलग
6. 09 बैनामा की छायाप्रतियां कुल 95 पेज
7. 02 बसियतनामा छायाप्रतियां

**पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पाण्डेय थाना बारादरी बरेली।
2. नि0अपराध अरविन्द सिंह थाना बारादरी बरेली।
3. व0उ0नि0 रोहित शर्मा थाना बारादरी बरेली ।
4. उ0नि0 अखिलेश उपाध्याय थाना बारादरी बरेली |
5. उ0नि0 यू0टी0 प्रदीप कुमार थाना बारादरी बरेली।
6. ऐ०कां0 879 चेतन कुमार थाना बारादरी बरेली।
7. का0 268 गुलाब सिंह थाना बारादरी बरेली।